मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल का त्रैमासिक न्यूज लेटर

# जैवविविधता

अंक – 3

अक्टूबर–दिसम्बर 2022

## संपादकीय



**डॉ अतुल श्रीवास्तव**
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**एवं सदस्य सचिव**

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 तथा जैविक संसाधनों तक पहुँच और सहयुक्त जानकारी तथा फायदा बंटाना विनियम, 2014 (विनियम, 2014) के प्रावधानों के अंतर्गत जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन, जैवसंसाधनों का संवहनीय उपयोग तथा लाभों का साम्यपूर्ण प्रभाजन के क्रियान्वयन हेतु जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन प्रावधानित है। इस हेतु प्रदेश में जैवविविधता अधिनियम, 2002 की धारा 41 (1) एवं मध्य प्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 23 (1) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक स्थानीय निकाय स्तर (पंचायत एवं नगरीय निकाय) पर 23,557 जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है।

जैवविविधता नियम, 2004 (केन्द्र) के नियम 22 (6) तथा मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 23 (9) अनुसार जैवविविधता प्रबंधन समिति का मुख्य कार्य स्थानीय लोगों के परामर्श से लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण किया जाना प्रावधानित है। लोक जैवविविधता पंजी में स्थानीय जैविक संसाधनों की उपलब्धता और ज्ञान, उनके औषधीय या किसी अन्य उपयोग या उनसे जुड़े किसी भी अन्य पारंपरिक ज्ञान की व्यापक जानकारी का समावेश किया गया है। बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों को लोक जैवविविधता पंजी के अद्यतन कार्य हेतु मार्गदर्शन तथा तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही मैदानी स्तर के जैवविविधता से सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी को निरंतर अपडेट किये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जैवविविधता सरंक्षण एवं संवर्धन तथा लोक जैवविविधता पंजी अद्यतन कार्य में स्थानीय समुदाय, स्थानीय निकायों, जैवविविधता प्रबंधन समितियो एवं जैवविविधता से साझा सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया जायेगा।

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं जैवविविधता नियम, 2004 के उदेश्य अनुसार जैवसंसंसाधनों से उदभूत लाभों के साम्यपूर्ण प्रभाजन किया जाना प्राधानित है। इस परिप्रेक्ष्य में प्रावधान अनुसार जैवसंसाधनों का वाणिज्यिक उपयोग करने वाले व्यापारी एवं विनिर्माताओं द्वारा साम्यापूर्ण लाभ प्रभाजन की राशि बोर्ड प्रदान की जा रही है।

लोक जैवविविधता पंजी अद्यतन कार्य तथा लाभ प्रभाजन की राशि से मैदानी स्तर पर जैवविविधता संरक्षण का कार्य हेतु स्थानीय निकायों पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियों का सक्रियकरण आवश्यक है। जैवविविधता से साझा सरोकार रखने वाले मैदानी स्तर के विभागों (वन, कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं उद्यानिकी) द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण में सक्रिय सहयोग प्रदान किये जाने की अपेक्षा है।

**शुभकामनाओं सहित।**

**(डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव)**
**सदस्य सचिव**

# जैवविविधता शिक्षा एवं जागरूकता

## 1. राज्य स्तरीय वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह–2022

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल द्वारा वन विहार के प्रांगण में दिनांक 01–07 अक्टूबर 2022 को राज्य स्तरीय वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह–2022 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ श्री अशोक कुमार बर्णवाल, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा दिनांक 01.10.2022 को किया गया। कार्यक्रम में श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख (म.प्र.), श्री जसबीर सिंह चौहान, प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यप्राणी) वन विभाग, डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, वरिष्ठ वन अधिकारी एवं विद्यालयों के छात्र–छात्राऐ तथा आमजन उपस्थित हुए।

वन्यप्राणी सप्ताह में मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल स्थापित किया गया एवं जैवविविधता संरक्षण की दृष्टि से स्पॉट क्विज कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वनसंरक्षक, वन बल प्रमुख (मप्र.) वन विभाग, द्वारा स्पॉट क्विज का शुभारंभ किया गया। बोर्ड द्वारा आयोजित प्रदर्शनी स्टॉल के माध्यम से जैवविविधता आधारित प्रचार–प्रसार सामग्री का वितरण किया गया।





**श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन बल प्रमुख वन विभाग, द्वारा स्पॉट क्विज का शुभारंभ किया गया।**

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का समापन डॉ. कुंवर विजय शाह, वन मंत्री, मध्यप्रदेश वन विभाग के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 07.10.2022 को किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य ऑनलाईन जैवविविधता क्विज़ 2022 का पोस्टर विमोचन, ड्रैगनफ्लाईस एण्ड डेमजिल्फ्लाईस ऑफ मध्यप्रदेश (Dragonflies and Damselflies of M.P.) एवं वाइल्ड फेलिड्स के पोस्टमार्टम हेतु मेन्युअल (Manual on Post-Mortem Examination of Wild Felids) पुस्तिका का विमोचन किया गया तथा बोर्ड द्वारा स्पॉट क्विज के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट हेम्पर वितरित किये गये।





**डॉ. कुंवर विजय शाह, वन मंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा मध्यप्रदेश राज्य ऑनलाईन जैवविविधता क्विज़ 2022 का पोस्टर, ड्रैगनफ्लाईस एण्ड डेमजिल्फ्लाईस ऑफ मध्यप्रदेश (Dragonflies and Damselflies of M.P.) एवं वाइल्ड फेलिड्स के पोस्टमार्टम हेतु मेन्युअल (Manual on Post-Mortem Examination of Wild Felids) पुस्तिका विमोचन**



**डॉ. कुंवर विजय शाह, वन मंत्री, मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़ 2022 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण**

## 2. ग्रामोदय मेला शरदोत्सव 2022

दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट, जिला सतना द्वारा चित्रकूट में ग्रामोदय मेला– शरदोत्सव 2022 का आयोजन दिनांक 9–12 अक्टूबर 2022 को किया गया। ग्रामोदय मेला शरदोत्सव 2022 के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियो तथा बोर्ड के रिसोर्स पर्सन के सहयोग से जैवविविधता प्रदर्शनी (स्टॉल) में विलुप्तप्राय: संकटापन्न देशी प्रजातियों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में कृषि, उद्यानिकी आधारित फसलों की बीज़ तथा फलों एवं वानिकी प्रजातियों (RET) के जैवसंसाधन कृषि, उद्यानिकी आधारित फसलों की बीज़ तथा फलों एवं वानिकी प्रजातियों (RET) के जैवसंसाधनों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया।



**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा ग्रामोदय मेला शरदोत्सव 2022 चित्रकूट जिला सतना में आयोजित प्रदर्शनी**



दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट

ग्रामोदय से राष्ट्रोदय

Certificate of Participation

We are pleased to place on record our deep appreciation to M.P. STATE BIODIVERSITY BOARD, BHOPAL (M.P.) for their participation in the Gramodaya Mela, a grand exposition showcasing Rising India, held in Chitrakoot, Satna Madhya Pradesh from October 9-12, 2022. Their participation added to the richness of the exposition and helped educate visitors from rural India about developmental activities across the country. We thank the organisation for making the Mela a grand success and adding value to it.

ATUL JAIN
General Secretary

ABHAY MAHAJAN
Organising Secretary

**ग्रामोदय मेला शरदोत्सव–2022 सहभागिता प्रमाण पत्र**

## 3. जैवविविधता प्रबंधन समितियों का सक्रियकरण कार्यशाला

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा प्रदेश में पंचायत निकाय स्तर पर जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण तथा पुर्नगठन हेतु जनपद पंचायत स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत बैरसिया, एवं जनपद पंचायत –बालाघाट क्षेत्र में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### 3.1. जनपद पंचायत – बैरसिया, भोपाल

जैवविविधता प्रबंधन समिति जनपद पंचायत बैरसिया, जिला भोपाल के सक्रियकरण तथा पुर्नगठन हेतु आयोजित कार्यशाला का आयोजन दिनांक 12.10.2022 को माननीय विधायक श्री विष्णु खत्री जी, बैरसिया विधानसभा के मुख्य आतिथ्य में एवं श्रीमति लता कुबेर गुर्जर अध्यक्ष, जनपद पंचायत बैरसिया तथा डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड के विशेष आतिथ्य में किया गया।

कार्यशाला में डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा अवगत कराया गया कि जैवविविधता अधिनियम, 2002 एवं मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर जैवविविधता प्रबंधन समितियों का पुनर्गठन उपरांत सक्रियकरण किया जा रहा है तथा अध्यक्ष, जैवविविधता प्रबंधन समितियों कार्य क्षेत्र की जैवविविधता एवं जैवसंसाधनों का सरक्षण व संवर्धन तथा दस्तावेजीकरण करना है। कार्यशाला में म.प्र.राज्य जैवविविधता बोर्ड सहायक सदस्य सचिव डॉ. बकुल लाड, तथा जैवविविधिता प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष, 110 ग्राम पंचायतों के सरपंच/सचिव, सहयोगी विभागो के प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित हुये।










**जनपद पंचायत – बैरसिया, जिला भोपाल में आयोजित जैवविविधता प्रबंधन समितियो के सक्रियकरण कार्यशाला मे उपस्थित अतिथि एवं प्रतिभागीगण**

### 3.2. जनपद पंचायत – बालाघाट

जैवविविधता प्रबंधन समिति, जनपद पंचायत बालाघाट, जिला बलाघाट के सक्रियकरण तथा पुर्नगठन हेतु कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 19.11.2022 को माननीय नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सभागार, बालाघाट में किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा जैवविविधता अधिनियम तथा नियमों के प्रावधानों के अंर्तगत स्थानीय निकाय स्तर पर जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सहयोग से जैवविविधता तथा जैव संसाधनों के संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यशाला में डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल एवं सुश्री शिवानी शर्मा, तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला में ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, जैव विविधता प्रबंधन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष, सदस्यगण, एवं उत्तर एवं दक्षिण बालाघाट क्षेत्र के मास्टर ट्रेनर्स (वनरक्षक, वन विभाग) तथा सहयोगी विभागों के प्रतिनिधि द्वारा कार्यशाला में भाग लिया गया।



**जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन/पुर्नगठन/सक्रियकरण जनपद पंचायत– बालाघाट, जिला– बालाघाट में कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन**

## 4. मोगली बाल उत्सव कार्यक्रम – 2022

जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, स्कूल शिक्षा विभाग एवं अन्य सहयोगी विभागों के माध्यम से विद्यालयीन छात्र–छात्राओं हेतु विगत 16 वर्षो से मोगली बाल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं लोक शिक्षण विभाग संचालनालय भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश में सोलहवें ''राज्य स्तरीय मोगली उत्सव'' 2022 का आयोजन पेंच राष्ट्रीय उद्यान, (पेंच टाईगर रिजर्व), जिला सिवनी में दिनांक 18, 19 एवं 20 नवम्बर 2022 तक किया गया। प्रदेश के समस्त 52 जिलों के चयनित 226 विद्यार्थियो एवं 108 शिक्षकों द्वारा मोगली बाल उत्सव काय्रक्रम में भाग लिया। मोगली बाल उत्सव के दौरान सभी विद्यार्थीयों को अलग–अलग तीन समूहों में विभाजित किया गया। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा बोर्ड के प्रशिक्षित सहकर्ताओं के सहयोग से राज्य स्तरीय बाल मोगली उत्सव में जैवविविधता आधारित निम्नानुसार प्रमुख गतिविधियों का संचालन किया गया।

### (क) नेचर ट्रेल –

छात्र–छात्राओं, सहजकर्ता, शिक्षकगणों एवं गाईडों द्वारा छात्र–छात्राओं को पेंच टाईगर रिजर्व के समीप पूर्व निर्धारित ट्रेक पर ट्रेल करवायी गयी। इस दौरान प्रतिभागियों को पेंच टाईगर रिजर्व के पारिस्थितिकीय तंत्र, विशेषकर जीव–जंतुओं तथा वनस्पतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई तथा उनके जैवविविधता आधारित प्रश्नों, जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

### (ख) ट्रेजर हंट एवं हेबिटेट सर्च –

ट्रेजर हंट एवं हेबिटेट सर्च में प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के वनस्पतियों एवं जीव–जन्तुओं से संबंधित पहेलियों के माध्यम से जीव–जंतुओं के विभिन्न प्राकृतिक रहवास अथवा कृत्रिम आवास के संबंध में प्रतिभागियों को पहचान करवाई गयी।

### (ग) पार्क सफारी –

पेंच टाईगर रिजर्व के सहयोग से प्रतिभागियो को जिप्सी वाहनों में  पार्क में भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षित सहजकर्ता, शिक्षकगणों एवं गाईड द्वारा छात्र–छात्राओं को पेंच टाईगर रिजर्व के जीव–जंतुओं तथा वनस्पतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

### (घ) चित्रकला तथा जैवविविधता क्विज़ प्रतियोगिता –

बोर्ड के सहयोग से स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा जैवविविधता से संबंधित चित्रकला पेटिंग तैयार की गई। समस्त चित्रकला को कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित किया गया। इस  अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों श्री शुभम सिंह पंकज एवं सुश्री शिवानी शर्मा द्वारा जैवविविधता पर आधारित क्विज़ का आयोजन दिनांक 20.11.2022 को किया गया। मोगली उत्सव में उपस्थित 52 जिलों के सभी विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। बोर्ड द्वारा विजेता प्रतिभागियों को ''Threatened Birds of Madhya Pradesh'' पुरुस्कार के रूप में प्रदान की गई।

मोगली बाल उत्सव कार्यक्रम में जैवविविधता आधारित जंगल सफ़ारी, ट्रेज़र हंट और नेचर ट्रेल गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रकृति से जुड़ने एवं उन्हे समझने का अवसर मिला। बोर्ड द्वारा समस्त प्रतिभागियों को जैवविविधता जागरुकता से संबंधित प्रचार प्रसार सामग्री किट (मोगली स्मारिका, मोगली की डायरी एवं टी शर्ट) प्रदान की गई।

राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव का समापन 20 नवम्बर 2022 को सिवनी– बालाघाट सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के मुख्य आतिथ्य, बरघाट विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया एवं सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा मोगली स्मारिका एवं मोगली की डायरी पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में बोर्ड द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।





**श्री जी.एस बघेल, जिला –शिक्षा अधिकारी –सिवनी एवं बोर्ड प्रतिनिधि डॉ. बकुल लाड सहायक सदस्य सचिव एवं सुश्री शिवानी शर्मा, तकनीकी विशेषज्ञ मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जंगल सफारी का शुभारंभ किया गया।**











**मोगली बाल उत्सव कार्यक्रम 2022 में उपस्थिति मोगली मित्रगण मोगली बाल उत्सव कार्यक्रम में बोर्ड द्वारा तैयार की गई जैवविविधता आधारित मोगली स्मारिका एवं मोगली की डायरी पुस्तक का विमोचन किया गया।**






**मोगली बाल उत्सव कार्यक्रम में बोर्ड द्वारा जैवविविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन**

## 5. मध्यप्रदेश राज्य ऑनलाईन जैवविविधता क्विज़–2022 (राज्य स्तरीय) का आयोजन

**"मध्यप्रदेश राज्य ऑनलाईन जैवविविधता क्विज 2022"** का राज्य स्तरीय ऑनलाईन आयोजन मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल, मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग व वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 11 नवम्बर 2022 को ऑनलाईन आयोजन प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वन्यप्राणी सप्ताह में दिनांक 03 अक्टूबर 2022 को आयोजित जिला स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़–2022 प्रतियोगिता की प्रत्येक जिले की प्रथम विजेता टीम (52 जिलों की प्रथम विजेता टीमों के 156 छात्र–छात्राओं द्वारा) प्रतिभागिता की गई। समस्त जिलों में प्रतियोगिता का संचालन क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी (जिला मुख्यालय) एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नामांकित 02 अधिकारियों की निगरानी में सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिता में द फॉउनडेशन ऑफ ऐजुकेशन, स्कूल, जिला हरदा की टीम (सक्षम सोनी, खुशी पटेल, निकुंज) को प्रथम स्थान, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 1 जिला छतरपुर की टीम (आयुष साहू, संस्कार वाजपेयी, वरूण द्विवेदी) को द्वितीय स्थान तथा शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोपाल की टीम (प्रशांत गुप्ता, पुष्पेन्द्र राजपुत, रोहन राजपुत) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।







**प्रथम विजेता टीम** **द्वितीय विजेता टीम** **तृतीय विजेता टीम**






**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल की आयोजक टीम**

## 6. अंतर्राष्ट्रीय हर्बल वन मेला 2022 भोपाल (दिनांक– 20 से 26 दिसम्बर 2022)

### आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रदर्शनी

''आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित (वन विभाग) मध्यप्रदेश शासन द्वारा भोपाल में दिनांक 20 से 26 दिसम्बर 2022 तक अन्तर्राष्ट्रीय वन मेला 2022 का आयोजन किया गया। इस वर्ष के वन मेला की विषय वस्तु ''लघु वनोपज से स्वास्थ्य सुरक्षा'' थी। वन मेला का शुभारंभ दिनांक 20.12.2022 को माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश शासन, डॉ. कुंवर विजय शाह, माननीय मंत्री, वन, मध्यप्रदेश शासन एवं श्री विश्वास सारंग, माननीय मंत्री, चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, मध्यप्रदेश शासन, श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश एवं श्री पुष्कर सिंह, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल, माननीय श्री सुबोध उनियाल, भाषा, निर्वाचन, तकनीकी शिक्षा एवं वन मंत्री उत्तराखंड़, मुख्य वन संरक्षक वनवृत्त – रीवा (म.प्र.), वनमंडलाधिकारी वनमंडल औबेदुल्लागंज एवं वनमंडल छतरपुर (म.प्र.) आदि के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता की प्रदर्शनी का भ्रमण एवं अवलोकन किया गया।

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल द्वारा प्रदर्शित की गई प्रदर्शनी मेले में लगभग पचास हजार व्यक्तियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रदर्शनी स्टॉल पर जैवविविधता प्रबंधन समिति बीजापुरी– जिला अनूपपुर, जिला–सिवनी, जिला–सतना एवं जिला– छतरपुर के मास्टर ट्रेनरो द्वारा बोर्ड के स्टॉल में औषधीय पौधे, कंदमूल, धान्य फसलें, तिलहनी फसलें एवं सब्जियों के बीजो की प्रदर्शनी लगाई गई।

**<u>बोर्ड द्वारा संचालित प्रमुख गतिविधियां</u>**–

- **<u>स्पॉट क्विज़ का आयोजन</u>** मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता स्पॉट क्विज़– 2022 का आयोजन किया गया एवं प्रत्येक दिवस के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। बोर्ड द्वारा दिनांक 20 से 26 दिसम्बर 2022 तक क्विज़ प्रभारी, श्री विवेक पाण्डे, श्री विजेश हरियाले, सुश्री शिवानी शर्मा, डॉ. गौरव सिंह, श्री स्वप्निल चतुर्वेदी एवं श्री शुभम सिंह पंकज समस्त तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा प्रदर्शनी में सक्रिय रूप से भाग लिया गया।

- **<u>जैवविविधता से संबंधित प्रचार–प्रसार सामग्री का वितरण</u>**– बोर्ड द्वारा प्रचार सामग्री जिसमें जैवविविधता ब्रोशर, लिफलेट्स, जैवविविधता संरक्षण से संबंधित पुस्तक का वितरण किया गया।

- जैवविविधता प्रदर्शनी में आगन्तुकों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित जैवविविधता नमूनों से संबंधित विस्तारपूर्वक सम्पूर्ण जानकारी मास्टर ट्रेनरों द्वारा दी गई।

- ऑडियो, विजुअल प्रचार–प्रसार–जैवविविधता प्रदर्शनी में टेलिविज़न के माध्यम से जैवविविधता संरक्षण, संवर्धन एवं लाभ का प्रभाजन, बच्चों से संबंधित चलचित्र, लोक जैवविविधता प्रबंधन समिति एवं लोक जैवविविधता पंजी निर्माण से संबंधित चलचित्र, टेलिविज़न के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

- **<u>वन मेला समापन समारोह</u>**– अन्तर्राष्ट्रीय वन मेला 2022 के समापन समारोह के अवसर पर दिनांक 26.12.2022 को मध्यप्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मध्यप्रदेश के मुख्य अतिथि, डॉ. कुंवर विजय शाह, माननीय मंत्री, वन, मध्यप्रदेश शासन, श्री जे. एन. कांसोटिया, प्रशासक, मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश एवं श्री पुष्कर सिंह, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल आदि के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता की प्रदर्शनी का भ्रमण एवं अवलोकन किया गया।







मान. राज्यपाल मध्यप्रदेश श्री मंगूभाई पटेल एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश शासन द्वारा एवं डॉ. कुँवर विजय शॉह, मान. वन मंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।







अंतर्राष्ट्रीय हर्बल वन मेला–2022 मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा स्पॉट क्विज़ का आयोजन







**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हर्बल वन मेला–2022 स्पॉट क्विज़ विजेतओं को प्रमाण पत्र वितरण**

## 7. वन वृत्त – शिवपुरी अंतर्गत कार्यशाला

जैवविविधता अधिनियम, 2002 के अंतर्गत लाभ प्रभाजन, जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण एवं लोक जैवविविधता पंजी के निर्माण कार्य हेतु शिवपुरी वन वृत्त अंतर्गत वन मण्डलों एवं श्योपुर वनमण्डल की दिनांक 28.12.2022 को आयोजित किया गया।

जैवविविधता अधिनियम, 2002 एवं म.प्र. जैवविविधता नियम, 2004 के प्रावधान अंतर्गत गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण, लोक जैवविविधता पंजी के निर्माण एवं जैवसंसाधनों का वाणिज्यिक उपयोग करने वाले व्यापारियों से लाभ प्रभाजन के संबंध में शिवपुरी वन वृत्त के वन मण्डलों एवं श्योपुर वनमण्डल की कार्यशाला वन मण्डल–शिवपुरी के वन विद्यालय के सभागार में दिनांक 28.12.2022 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से आयोजित की गई।

**कार्यशाला में निम्नानुसार अधिकारीगण उपस्थित रहेः–** डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, भा.व.से., प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव, म.प्र.रा.जै.बो.,डॉ. बी.एस. अन्नीगिरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (आईटी), म.प्र, श्री डी.के. पालीवाल, मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त – शिवपुरी म.प्र., श्रीमति मीना मिश्रा, वनमंडलाधिकारी, क्षेत्रीय वनमण्डल – शिवपुरी म.प्र., श्री सी. एस. चौहान, वनमंडलाधिकारी, क्षेत्रीय वनमण्डल – श्योपुर म.प्र., श्री हेमंत रैकवार, वनमंडलाधिकारी, क्षेत्रीय वनमण्डल – गुना म.प्र, डॉ. बकुल लॉड, सहायक सदस्य सचिव, (सी एण्ड डी), म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड, डॉ. एलिजाबेथ थॉमस, सहायक सदस्य सचिव, (बायो), म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड, श्री विवेक पाण्डेय, तकनीकी विशेषज्ञ (एनआरएम), म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड, श्री विजेश हरियाले, तकनीकी विशेषज्ञ (पीबीआर), म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड।

कार्यशाला में शिवपुरी वन वृत्त अंतर्गत वनमण्डल–गुना, अशोकनगर एवं शिवपुरी तथा श्योपुर वनमण्डल के वनपरिक्षेत्र अधिकारी, वन रक्षक, मास्टर ट्रेनर्स एवं पर्यावरणविद् एवं जैवसंसाधनों के व्यापारी उपस्थित हुए।

**कार्यशाला में चर्चा के मुख्य बिन्दु निम्नानुसार हैं :–**

1. कार्यशाला के प्रारंभ में श्रीमति मीना मिश्रा, वनमंडलाधिकारी, क्षेत्रीय वनमण्डल शिवपुरी द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन में उपस्थित प्रतिभागियों का अभिनंदन किया गया।

2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव, म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड, डॉ अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को कार्यशाला के उद्देश्यों एवं उपयोगिता के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करते हुए जैवविविधता संरक्षण, संवर्धन एवं जैवविविधता अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अतंर्गत किये जाने वाले लाभ प्रभाजन के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं इस हेतु समुदाय को किस प्रकार संवहनीय उपयोग हेतु प्रेरित किया जा सकता है इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही सदस्य सचिव द्वारा शिवपुरी वन वृत्त एवं श्योपुर वनमण्डल में जैवविविधता प्रबंधन समितियों एवं लोक जैवविविधता पंजी निर्माण की समीक्षा की गई।

3. म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड के सहायक सदस्य सचिव, (सी एण्ड डी) डॉ. बकुल लॉड द्वारा शिवपुरी वन वृत्त अंतर्गत वनमण्डलों एवं श्योपुर वनमण्डल के जैवविविधता प्रकोष्ठ के अधिकारी, कर्मचारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स को जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रीयकरण एवं लोक जैवविविधता पंजी निर्माण/अद्यतनीकरण कार्य, की कार्यवाही के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं लोक जैवविविधता पंजी के विभिन्न प्रारूपों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

4. म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड के सहायक सदस्य सचिव, (बायो), डॉ. एलिजाबेथ थॉमस द्वारा जैवविविधता अधिनियम, 2002 तथा मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 एवं विनियम, 2014 के प्रावधानों, एबीएस की प्रक्रिया एवं लाभ प्रभाजन की कार्यवाही के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं शिवपुरी वन वृत्त अंतर्गत वनमण्डल–गुना, अशोकनगर एवं शिवपुरी तथा श्योपुर वनमण्डल में व्यापारियों के साथ किये जा रहे लाभ प्रभाजन एवं अनुबंध के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गई एवं बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक प्रक्रिया (SoP) के विभिन्न प्रारूपों के बारे में बताया गया।

5. कार्यशाला में उपस्थित जैवविवधता प्रकोष्ठ के अधिकारी एवं कर्मचारियों को क्षेत्रीय वनमण्डल स्तर पर व्यापारियों से लाभ प्रभाजन कार्यवाही को सुनिश्चित करते समय बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक प्रक्रिया (SoP) का पालन सुनिश्चित करने बावत् समझाइश दी गई एवं जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सुदृढ़ीकरण एवं सक्रियकरण के साथ लोक जैवविविधता पंजी निर्माण के संबंध में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा मैदानी अमलों की शंका का समाधान किया गया एवं कार्य में प्रगति हेतु प्रोत्साहित किया गया।

6. श्री डी.के. पालीवाल, मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त – शिवपुरी द्वारा अपने उद्बोधन में शिवपुरी वन वृत्त अंतर्गत वनमण्डलों में जैवविविधता अधिनियम, 2002 तथा मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 एवं विनियम, 2014 के प्रावधानों, एबीएस की प्रक्रिया एवं लाभ प्रभाजन की कार्यवाही में और गति लाने हेतु उपस्थित वन अमले को निर्देशित किया।

7. कार्यशाला के अंतिम चरण में शिवपुरी वन वृत्त एवं श्योपुर वनमण्डल अंतर्गत उपस्थित व्यापारियों के साथ लाभ प्रभाजन कार्यवाही के संबंध में संवाद स्थापित किया गया एवं इस संबधं में उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

कार्यशाला का समापन उप वनमंडलाधिकारी, वनमण्डल–शिवपुरी श्री मनोज कुमार सिंह के द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद के साथ किया गया।




**वन वृत्त शिवपुरी में दिनांक 28.12.2022 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

## जैवविविधता प्रबंधन समिति की बैठक

1. स्थानीय निकाय स्तर पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समिति – जनपद पंचायत– सोहवाल जिला सतना दिनांक 14.12.0222 को प्रथम बैठक का ऑनलाईन आयोजन किया गया। बैठक में कुल 16 सदस्य उपस्थित हुये।

2. दिनांक 22.12.2022 को जैवविविधता प्रबंधन समिति– जनपद पंचायत–रामनगर जिला सतना में द्वितीय बैठक का ऑनलाईन आयोजन किया गया। बैठक में कुल 15 सदस्य उपस्थित हुये।

## जैवविविधता समाचार पत्रों में ..........



रतलाम की टीम को किया विभिन्न वर्गों में सम्मानित

# मोगली उत्सव : जंगल सफारी, नेचर ट्रेल, ट्रेजर हंट का लिया आनंद

सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया



दैनिक भास्कर बड़वानी भास्कर 20-11-2022

# प्राकृतिक संरचना जैव विविधता का है अनुकरणीय उदाहरण

कार्यक्रम में शामिल सदस्य।



# क्विज स्पर्धाः मोगली उत्सव में छिंदवाड़ा का परचम

पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

भास्कर न्यूज | छिंदवाड़ा

राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2022 पेंच नेशनल पार्क सिवनी में संपन्न हुआ। 18 से 20 नवम्बर तक आयोजित इस तीन दिवसीय कार्य म में छिंदवाड़ा जिले के विद्यार्थियों और शिक्षकों का दल शामिल हुआ। राज्य स्तरीय आयोजन में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को भोपाल के द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज में प्रदेश के 52 जिलों के इको क्लब के 312 विद्यार्थियों, मास्टर ट्रेनर, क्विज मास्टर और रेखा अवस्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिवनी, बालाघाट क्षेत्र के सांसद ढाल सिंह बिसेन ने रंगारंग समारोह में विजेता प्रतिभागियों को पर्यावरण हितैषी पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन और कुरई विधायक अर्जुन सिंह ककोड़िया विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वयन मनोहर पाटिल कार्यपालन यंत्री एप्को भोपाल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता कनिष्ठ, वरिष्ठ एवं शिक्षक वर्ग में आयोजित की गई। जिसमें डॉ विनोद तिवारी, रवि कटरे सिवनी और अंजू बंसल गुप्ता द्वारा निर्णायक की भूमिका

---

**बुक पोस्ट**

प्रति,

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

प्रेषक –


**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड**
प्रथम तल, किसान भवन,
अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011 (मध्यप्रदेश)
फोन : 0755–2554549, 2554539, 2764911
ई–मेल : mpsbb@mp.gov.in
वेबसाईट : www.mpsbb.mp.gov.in



**संरक्षक**

**डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव**
**सदस्य सचिव**

**संपादक मण्डल**

डॉ. बकुल लाड
सहायक सदस्य सचिव
(सी. एण्ड. डी)

डॉ. एलिजाबेथ थॉमस
सहायक सदस्य सचिव
(बायो)

सुमित कुमार जैन
सहायक सदस्य सचिव
(प्रशा. / वित्त)